# राज्य स्तरीय समिति ने विभिन्न सत्रों में विशेषज्ञों, कोचिंग संस्थानों की बैठक ली

■ 'विद्यार्थियों, कोचिंग एवं कोटा के हित में गाईडलाईन बनेगी'

**कोटा,** (निसं)। कोचिंग संस्थानों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों में तनाव व आत्महत्या प्रकरणों की रोकथाम के लिए कार्ययोजना तैयार करने के लिए प्रमुख शासन सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग भवानी सिंह देथा की अध्यक्षता में गठित समिति ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर विभिन्न पक्षों से संवाद किया। अलग-अलग सत्रों में कोचिंग संस्थानों में कार्यरत् मनोसलाहकारों, एनएमएच टीम, मेडिकल कॉलेज प्रोफेसर मनोचिकित्सा, गायनोकोलॉजी तथा प्रसूति विज्ञान, हॉस्टल, पीजी संचालकों, मकान मालिकों, कोचिंग संस्थानों के प्रतिनिधियों, एनजीओ, सिविल सोसायटी, मीडिया, आध्यात्मिक, योगा संगठनों एवं जिला प्रशासन के साथ गहन विचार विमर्श किया गया।

समिति अध्यक्ष प्रमुख शासन सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा भवानी सिंह देथा, सदस्य आयुक्त वाणिज्यिक कर विभाग डॉ रवि सुरपुर, सदस्य प्रबन्ध निदेशक नेशनल हेल्थ मिशन डॉ जितेन्द्र कुमार सोनी, जिला कलक्टर ओपी बुनकर, निदेशक स्थानीय निकाय विभाग ह्रदेश कुमार शर्मा, संयुक्त सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. फिरोज अख्तर सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चन्द्रशील ठाकुर, सीनियर प्रो.मनोचिकित्सा विभाग एसएमएस अस्पताल प्रो. आलोक त्यागी सदस्य के तौर पर मौजूद रहे। समिति ने चार सत्रों में उक्त समूहों के साथ विस्तार से चर्चा कर सुझाव प्राप्त किए। यह समिति कोचिंग संस्थाओं के विद्यार्थियों में तनाव एवं आत्महत्या प्रकरणों के निराकरण के लिए उपाय एवं कार्ययोजना तैयार कर राज्य सरकार को प्रस्तुत करेंगी।

बैठक के दौरान शासन सचिव नवीन जैन एवं निम्हान्स, बैंगलूरू संस्थान के विशेषज्ञ भी वीसी के जरिये जुड़े। पहले सत्र में कोचिंग संस्थानों में कार्यरत काउंसलर्स के साथ संवाद हुआ जिसमें समिति ने उनकी शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, कार्य करने की विधि, विद्यार्थियों के साथ उनके संवाद, सामने आने वाली समस्याओं इत्यादि के बारे में पूछते हुए सुझाव लिए कि माहौल को सकारात्मक बनाने के लिए क्या किया जाना चाहिए। काउंसलर्स से बातचीत के दौरान सामने आई खामियों को दूर करने एवं उपयुक्त प्रशिक्षण लेने को कहा गया। विद्यार्थियों से काउंसलिंग का पूरा डाटा संधारित करने, मनोस्थिति को पहचानकर स्वयं समझाइश की पहल करने, अभिभावकों से निरंतर सम्पर्क में रहने सहित विभिन्न बिन्दुओं पर मार्गदर्शन किया। हॉस्टल पीजी संचालकों के साथ संवाद में समिति सदस्यों ने हॉस्टल में उपलब्ध सुविधाओं, वातावरण एवं व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। समिति सदस्यों ने कहा कि हॉस्टल, पीजी इत्यादि में घर जैसा वातावरण देने की कोशिश होनी चाहिए। साथ ही मोटिवेशनल, आनन्ददायी गतिविधियों का समावेश करना चाहिए।

परिसर में शिक्षाप्रद एवं प्रेरक सकारात्मक वाक्यों का प्रस्तुतीकरण करना चाहिए। कोचिंग संस्थानों के साथ आयोजित बैठक में समिति को सिलेबस कम करने, सप्ताह में दो दिवस अवकाश, विद्यार्थियों की हॉबी की पहचान कर उसके अनुसार म्यूजिक कार्यक्रम, खेल गतिविधियां आयोजित करने, रोजगार के विकल्पों की जानकारी देने, अभिभावकों की काउंसलिंग एवं हॉस्टलों में बायोमैट्रिक उपस्थिति के संबंध में सुझाव प्राप्त हुऐं। सिविल सोसायटी एवं मीडिया के साथ आयोजित बैठक में खादी बोर्ड के उपाध्यक्ष पंकज मेहता ने नाकारात्मकता दूर करने के लिए संस्कार व आध्यात्मिक शिक्षा भी देना का सुझाव दिया।

डॉ. आरसी साहनी ने हॉस्टल के कमरों में दो बच्चों को रखने, गोविंद राम मित्तल ने कोचिंग में प्रवेश के समय स्क्रीनिंग करने का सुझाव दिया। डॉ. एमएल अग्रवाल ने जेईई की तरह नीट की परीक्षा भी वर्ष में दो बार कराने का सुझाव दिया। समिति को एनजीओ, योगा संस्थाओं एवं विशेषज्ञों द्वारा मौखिक एवं लिखित में सुझाव प्रस्तुत किऐं। इस अवसर पर अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन राजकुमार सिंह, कुल सचिव कृषि विश्वविद्यालय सुनीता डागा, आरएए मनोज कुमार, डीआईजी स्टाम्प कमल कुमार, भू-प्रबन्ध अधिकारी दीप्ति मीणा सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# श्री वल्लभम कथक समारोह एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में मनमोहक प्रस्तुतियां दी

■ बरखा जोशी ने भारतीय संस्कृति और विभिन्न घरानों की कला को जीवंत रखा : ओम बिरला

**कोटा,** (निसं)। मुखिया मदन लाल जोशी स्मृति संस्थान की और से रविवार को जवाहर नगर स्थित एलन समुनत परिसर में श्री वल्लभम् कथक समारोह एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

मुखिया मदनलाल जोशी की सुपौत्री बरखा जोशी जो कथक गुरु एवं राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित कलाकार हैं, उनके द्वारा कथक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई जिसका विशेष आर्कषण का केन्द्र एक मिनट में भगवान श्रीकृष्ण की पेन्टिंग बनाई एवं उनके नृत्य निर्देशन में उनकी शिष्याओं ने तराना नृत्य, अर्धांग शिव स्तुति, वृद्धावन कुंज भवन नाचत गिरधारी, तथा कृष्णलिला रसिया को लार बनाओ री प्रस्तुति दी गई।

इस दौरान पूरा पांडाल श्री कृष्णम ममरू के जयघोष से गूंज उठा। अन्त में नन्दोत्सव द्वारा सभी दर्शकों ने बरखा जोशी के साथ सभी ने नृत्य किया। कार्यक्रम में एलन के निदेशक गोविंद माहेश्वरी के भजनो की प्रस्तुतियों को भी सराहा गया। कार्यक्रम में बड़ौदा गुजरात से आए हवेली संगीत के पुरोधा भगवती प्रसाद गन्दर्भ द्वारा अपनी सुरीली आवाज में प्रस्तुत गायन को दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला रहे तथा अध्यक्षता बड़े महाप्रभु जी का मंदिर पाटनपोल के महाराज शरद कुमार गोस्वामी ने की। महाराज विनय कुमार गोस्वामी ने आर्शीवचन से श्रोताओं और रसियाओं को कृतज्ञ किया। समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारतीय संस्कृति और विभिन्न घरानों की कला को जीवन्त रखने में कथक नृत्यांगना बरखा जोशी का विशेष योगदान हैं। इस अवसर पर वेन्या शर्मा, दिशानी जोशी, पहला चित्तौड़ा, पूर्वी सैनी, आराध्या, चर्बी पाल, आरोही पाल, ताबिशी, माही गौतम, तारिणी भटनागर, वृंदा शर्मा सहित युवा कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से समा बांधा।

**हवेली संगीत का पुरातन महत्व व बारीकियों को समझाया:-** आयोजन समिति अध्यक्ष दामोदर प्रसाद शाण्डिल्य ने हवेली संगीत का पुरातन महत्व समझाते हुए इसकी बारिकीयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कोटा संभाग में हवेली संगीत की अलख जगाने वाले मुखिया मदनलाल जोशी अकेले कलाकार थे। कार्यक्रम मे विशेष योगदान देने के लिए पांच कलाकारों को विशेष सम्मान किया गया, जिनमें भगवती प्रसाद गन्दर्भ की हवेली संगीत के प्रचार-प्रसार के लिए रामनारायण मीणा हलधर को साहित्य हवेली संगीत डॉ सुनीता श्रीवास्तव व्याख्याता जे.डी.बी. कॉलेज व अन्य शामिल हैं। बरखा जोशी द्वारा कैनवास पर विभिन्न रंगों के माध्यम से नृत्य करते हुए भगवान श्रीकृष्ण का जीवन्त चित्रण करने को श्रोताओं ने बहुत सराहा।

## सार-समाचार

### 74 श्रमिकों की स्वास्थ्य जांच हुई

**कोटा,** (निसं)। निरोगी कोटा स्वस्थ कोटा नवाचार के तहत सोमवार को चिकित्सा विभाग की ओर से कृष्णा स्टोन क्रेशर पांचडा गढ़ेपान में सिलिकोसिस जागरूकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इसमें क्रेशर पर काम करने वाले 74 श्रमिकों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की और परामर्श दिया गया। मेडिकल टीम में कोटा के डॉ. हेमंत शर्मा चेस्ट फिजिशियन, शाहनवाज अली पीएमडीटी कोऑर्डिनेटर, उत्तम गोस्वामी एसटीएस सुल्तानपुर, गढ़ेपान पीएचसी से स्टॉफ एवं माइनिंग इंजीनियर गोविंद शर्मा ने सेवाएं दी। शिविर में 4 श्रमिकों को स्पूटम जांच और 4 को चेस्ट एक्सरे के लिए रेफर किया गया। वहीं, 30 श्रमिकों की बीपी और 30 की शुगर जांच की। सीएमएचओ डॉ जगदीश सोनी, एवं जिला टीबी रोग अधिकारी डॉ. एसएन मीणा ने बताया कि शिविर में आए लोगों को सिलिकोसिस रोग से बचाव के उपाय और साधन अपनाने की हिदायत दी। खनन क्षेत्रों में ड्रिलिंग कार्य करते समय व ब्लास्टिंग मशीन से खनन करते समय उड़ती धूल-मिट्टी से बचाव करने, खनन क्षेत्रों के कच्चे रास्तों पर पानी का छिड़काव करने, खनन कार्य के समय डस्ट मास्क का उपयोग करने जैसे उपाय बताए गए। साथ ही टीबी रोग से बचाव-उपचार निक्षयमित्र एवं निक्षय पोषण योजना, निक्षय संबल योजना, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, प्रधानमंत्री टीबी मुक्त ग्राम पंचायत योजना और सिलीकोसिस सहायता राशि के बारे में भी बताया गया।

### परामर्श कार्यक्रम आज

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान मिशन 2030 दस्तावेज तैयार करने के लिए कृषि, उद्यानिकी एवं कृषि विपणन से संबंधित 50 से 60 हितधारकों एवं विभागीय अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों के साथ 5 सितम्बर को प्रातः 11:00 बजे टैगोर सभागार में परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार खेमराज शर्मा ने बताया कि परामर्श कार्यक्रम में कृषि, उद्यानिकी एवं कृषि विपणन विभाग के अधिकारी, प्रगतिशील किसान, किसान आयोग सदस्य, विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिक, एटीसी के विशेषज्ञ, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के प्रतिनिधि, एफपीओ के प्रतिनिधि, आदान निर्माता एवं विक्रेता, एसएलबीसी संयोजक, नाबार्ड प्रतिनिधि, कृषि उद्यमी, कृषि स्टार्टअप, कृषि प्रसंस्करण इकाई के प्रतिनिधि, राजस्थान राज्य बीज निगम, राष्ट्रीय बीज निगम के प्रतिनिधि, कृषि आयुक्तालय जयपुर से नोडल अधिकारी एचएस मीणा, जन प्रतिनिधि, डेयरी फेडरेशन, सहकारी समितियों एवं फेडरेशन के प्रतिनिधि, राजफेड, कृषि महाविद्यालय के शिक्षाविद्, विद्यावाचस्पित छात्र, कृषि अर्थशास्त्री आदि भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि परामर्श कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हितधारकों से अधिक से अधिक सुझाव लेना है, ताकि इन्हें विजन 2030 में शामिल किया जाए और उसी के अनुरूप नीतिगत निर्णय लेकर कृषि उत्पादन एवं किसानो की आय में बढोतरी की जा सके।

### आत्महत्या की

**कोटा,** (निसं)। महावीर नगर इलाके में आरटीयू में कार्यरत एक टैक्नीशियन ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर शव घरवालों के सुपुर्द कर दिया। सीआई परमजीत पटेल ने बताया कि राजस्थान तकनीकी यूनिवर्सिटी में टैक्नीशियन के पद पर कार्यरत चौथमल गोस्वामी (57) महावीर नगर विस्तार योजना में रहते थे। जिन्होंने घर पर ही कमरे में फंदा लगा लिया। वह अपने कमरे में सोए थे। रविवार को दोपहर तक जब वह नहीं उठे तो बेटे और पत्नी ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। घरवालों ने दरवाजा तोड़ा और अंदर पहुंचकर देखा तो वह फंदे पर लटके हुए थे। इस पर घरवालों ने उन्हें फंदे से उतारकर न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी और शव को पोस्टमॉर्टम रूम में शिफ्ट करवाया। पुलिस ने बताया कि शव का पोस्टमॉर्टम करवा दिया गया है। सुसाईड के कारणों का पता नहीं लग सका है। बताया जा रहा है कि कुछ समय पहले उसका हर्निया का ऑपरेशन हुआ था और दवाइयां चल रही थी। माना जा रहा है कि बीमारी के चलते वह परेशान थे। पुलिस के अनुसार कारणों की जांच की जा रही है।

### केन्द्रीय मंत्री आज बैठक लेंगे

**कोटा,** (निसं)। केन्द्रीय मंत्री कोयला, खान, और संसदीय मामलात एवं भाजपा प्रदेश चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी के मुख्य आतिथ्य तथा भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व कोटा संभाग प्रभारी मुकेश दाधीच की अध्यक्षता में भाजपा कोटा संभाग की बैठक मंगलवार 5 सितम्बर को दोपहर 2:30 बजे लोट्स अनंत एलीट ए 7-8 स्माल स्केल इण्डस्ट्रियल एरिया, डीसीएम रोड, पत्रिका रोड, एसबीआई बैंक के पास कोटा पर होगी। भाजपा कोटा संभाग की बैठक की तैयारियों को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय पर जिला पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी ने पदाधिकारियों को बैठक को लेकर जिम्मेदारियां सौंपी। कोटा संभाग बैठक में कोटा संभाग के सूचीबद्ध जनप्रतिनिधि व संगठन पदाधिकारी अपेक्षित रहेंगें। बैठक में जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, जिला महामंत्री जगदीश जिंदल, मुकेश विजय, चंद्रशेखर नरवाल, जिला उपाध्यक्ष जटा शंकर शर्मा, नेता खण्डेलवाल, लक्ष्मण सिंह खींची, रितेश चित्तौड़ा, जिला मंत्री राजेन्द्र अग्रवाल, जयदेव सुखेजा, आशा चतुर्वेदी, रेखा खेलवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश हरचंदानी, सोशल मीडिया जिला सहसंयोजक हिमांशु सैनी, कोटा उत्तर विधानसभा विस्तारक हेमराज सैन सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में घायल बुजुर्ग की मौत

**कोटा,** (निसं)। गुमानपुरा क्षेत्र में कार की टक्कर से घायल स्कूटी सवार बुजुर्ग की इलाज के दौरान रविवार रात को मौत हो गई। यातायात दुर्घटना थाना पुलिस की एएसआई तारा ने बताया कि घटना करीब पांच दिन पहले की है। बजरंगनगर गुलाब बाग निवासी जुगल किशोर (68) गुमानपुरा स्थित अपनी दुकान से 28 अगस्त की शाम को स्कूटी से अपने घर जा रहे थे। इस दौरान गुमानपुरा स्टील ब्रिज के पास तेज रफ्तार में आ रही कार ने स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे जुगल किशोर उछल कर नीचे जा गिरे और उनके सिर में चोट लग गई। राहगीरों ने एमबीएस अस्पताल में भर्ती करवाया था। इलाज के दौरान रविवार रात को जुगल किशोर की मौत हो गई। सोमवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया। कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## एसडीपी डोनेट की

**कोटा,** (निसं)। कोटा कोटा शहर में डेंगू के नए स्टैंड डी-2 के कारण जहां मौत का आंकड़ा धीरे-धीरे बढ़ रहा है वहीं मरीजों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है और उन्हें एसडीपी की आवश्यकता हो रही है। ऐसे में आमजन मरीज की मदद को आगे तो आ रहा है लेकिन विकट परिस्थितियां देखने को मिल रही है। लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट ब्लड चेयरमैन भुवनेश गुप्ता ने बताया कि बढ़ते डेंगू के प्रकोप के कारण एसडीपी की संख्या भी बढ़ रही है, ऐसे में बीती रात एक 9 वर्षीय बच्ची परी के लिए नितेश खंडेलवाल ने एसडीपी डोनेट की वही कुणाल अग्रवाल ने कृष्णा राम के लिए ए पॉजिटिव की एसडीपी डोनेट की। टीम जीवनदाता के सहसंयोजक वर्द्धमान जैन ने बताया कि 9 वर्षीय परी निजी अस्पताल में भर्ती है। बी पॉजिटिव ग्रुप की एसडीपी की आवश्यकता होने पर परिजन बेहद ही चिंतित हो रहे थे। ऐसे में कॉल आने पर नितेश खंडेलवाल को बुलाया गया। वह अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंचे और उन्होंने बी पॉजिटिव एसडीपी डोनेट की। नितेश खंडेलवाल बेस्ट प्राइस में काम करते हैं, उन्होंने अपने सीनियर से एक नन्ही सी जान को बचाने के लिए निवेदन किया तो वह सहज तैयार हो गए और उन्होंने नौकरी बीच में छोड़ एसडीपी डोनेट की। वहीं दूसरी और कृष्णा राम की एसडीपी के लिए कुणाल अग्रवाल आगे आए हैं।

# न्यास की दो पुनर्वास एवं स्टोनमंडी टांसपोर्ट नगर योजना की लॉटरी प्रक्रिया संपन्न

■ 317 भूखंडों की लॉटरी निकाली



कोटा नगर विकास न्यास से के नए सचिव ने पदभार ग्रहण किया है।

**कोटा,** (निसं)। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल की पहल पर जहां कोटा में विकास के नये आयाम स्थापित किए गए हैं वही नगर विकास न्यास की ओर से विभिन्न योजनाएं लागू कर आमजन को सस्ती दरों पर आशियाने और भूखंड उपलब्ध करवाने का सिलसिला लगातार जारी है। उपसचिव भावना सिह ने बताया कि कोटा नगर विकास न्यास में 2 पुनर्वास एवं स्टोन मंडी टांसपोर्ट नगर योजना की लॉटरी निकाली गई।

पुनर्वास योजना के तहत रेलवे माल गोदाम मजदूर, हम्माल, मुकादम, महिला मजदूरों के लिए विकसित की गई काला तालाब में आवासीय योजना की 317 भूखंडो की लॉटरी निकाली गई वहीं रिवर फ्रंट निर्माण के दौरान सिंचाई विभाग की कॉलोनी लोगों के लिए नांता कुंदकुंद के पास न्यास द्वारा विकसित की गई पुनर्वास योजना की 255 किराएदारो की लॉटरी न्यास परिसर में निकाली वही इसके अलावा स्टोनमंडी विश्वकर्मा नगर ग्रुप डी की विभिन्न साइज के 161 भुखंडो की लॉटरी न्यास परिसर में निकल गई लॉटरी प्रक्रिया का सोशल मीडिया पर लाइव प्रसारण किया गया वहीं लॉटरी प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में आवेदक उपस्थित रहे इस मौके पर मुख्य लेखा अधिकारी टीपी मीणा सहायक लेखा अधिकारी मोर सिंह मीणा, राजस्व सलाहकार परमानंद गोयल, विधी सलाहकार वीरेन्द्र सिंहं, अधीक्षण अभियंता ओपी दुबे ,अजय शर्मा सहित न्यास के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

**न्यास के नये सचिन मानसिंह मीणा ने संभाला पदभार:-** नगर विकास न्यास के नये सचिव मानसिंह मीणा ने सोमवार को अपना पदभार संभाला वही राजेश जोशी को नगर विकास न्यास के कर्मचारी ऐसोसिएशन की ओर से विदाई समारोह आयोजित किया। समारोह के दौरान सभी अधिकारियों ओर कर्मचारियों ने सचिव राजेश के अधीन कार्यकाल को बेहतरीन बताते हुए उनके व्यक्तित्व, मिलनसार ओर सभी वर्ग के कर्मचारियो के प्रति उनकी मददगार व्यवहार की सराहना कर अपने अनुभव साझाकर नये ज्याइनिंग की शुभकामनाए प्रेषित की। इस मौके पर उपसचिव भावना सिंह, मुकेश चौधरी, मुख्यअभियंता ओपी वर्मा, अधीक्षण अभियंता विनोद कुमार गोड, अमृत चौधरी, अजय शर्मा सहित न्यास अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## शिविर आठ को

**कोटा,** (निसं)। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा बून्दी जिले की तहसील हिंडोली स्थित पेच की बावड़ी क्षेत्र के समस्त भूतपूर्व सैनिकों व विधवाओं तथा उनके आश्रितों के कल्याण के लिए शुक्रवार 8 सितम्बर को राजीव गांधी सेवा केन्द्र पेच की बावड़ी में समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

**खोया-पाया**

मकान No. 4 S 12 दादाबाड़ी विस्तार योजना का आवंटन पत्र एवं कब्जा पत्र जिसको भी मिले संपर्क करें:-
सरोज विजय 9414187556

**नाम परिवर्तन**

मैं अनिल आहूजा पुत्र स्व कन्हैयालाल आहूजा मेरे आधार संख्या 763264520135 में मेरा नाम अनिल कुमार आहूजा है तथा मेरे पासपोर्ट में अनिल आहूजा है जो दोनों ही मेरे नाम है भविष्य में मुझे अनिल कुमार आहूजा के नाम से ही जाना जाए। निवासी MPA 34 महावीर नगर द्वितीय कोटा राजस्थान

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्री निर्मला नागर पत्नी महेन्द्र नागर निवासी मकान पुरानी हवेली बालाकुण्ड कोटा राज. के है। जिनके मालिकाना हक का एक भूखंड संख्या सी-1(ए) हाड़ोती कोलोनी योजना आनन्दपुरा उर्फ फुटातालाब कोटा जो मेरी अभिभाष्या को नगर विकास न्यास कोटा द्वारा पट्टा दिनांक 31.07.2023 को प्राप्त हुआ था मेरी अभिभाष्या द्वारा एक्सिस बैंक में ऋण सुविधा प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। सर्वसाधारण या किसी भी व्यक्ति या ऋणदात्री संस्था को उपरोक्त लिखित सम्पत्ति के मालीकाना हक पर कोई उज्र या आपत्ति हो तो 15 दिवस के भीतर-भीतर आपत्ति लिखित में दर्ज करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद किसी भी व्यक्ति या संस्था की कोई आपत्ति शून्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जावेगी।
दिनांक : 04.09.2023
हरीश कुमार शर्मा एडवोकेट
5 एच 5 तलवंडी कोटा
मो. 9828086608

# जिला कलेक्टर ने कोचिंग विद्यार्थियों को मार्मिक पत्र लिखा

**कोटा,** (निसं)। जिला कलक्टर ओपी बुनकर ने विद्यार्थियों के एकाकी जीवन एवं तनाव को कम करने के लिए विद्यार्थियों के नाम पत्र लिखकर सभी कोचिंग संस्थानों एवं हॉस्टलों के माध्यम से विद्यार्थियों तक पहुंचायां है। जिला कलेक्टर ने देशभर से आने वाले विद्यार्थियों के लिए जिला प्रशासन को अभिभावक के रूप में मानने का संदेश देते हुए सपने साकार करने का आव्हान किया है। यह लिखा पत्र-आज जैसे ही मुझे सूचना मिली कि एक और छात्र ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली, मन व्यथित हो गया आंखे नम हो गई, मैं चिन्तित हूं कि ऐसा क्या हुआ? एक होनहार बच्चे को हमेशा के लिए खो दिया।

तुम तो चले गये पर जाने से पहले यह तो सोचते कि तुम्हारे माता-पिता पर क्या गुजरेगी, जो तुम्हारे सपनों को पूरा करने के लिए अपना सर्वस्व तुम पर न्यौछावर करना चाहते थे। जब तुम अपने सपने को पूरा करने के लिए पहली बार मेरे शहर में आये तो मेरे परिवार के सदस्य बन गये। मेरे शहर में आने वाले हर बच्चे का ख्याल रखूं और उन्हें एक खुशनुमा माहौल दूं यह प्रयास हर समय करता रहता हूं। आपके बीच कई बार सुखद वक्त मैनें बिताया है अपनी मंजिल को पाने के लिए तुम भी तो बहुत मेहनत करते हो पर एक रास्ता बन्द होने पर कई और रास्ते तुम्हारा इंतजार कर रहे है कभी-कभी तुम्हे लगता है कि इतनी मेहनत के बावजूद तुम वह हासिल नहीं कर पा रहे हो जो तुम्हे मिलना चाहिऐं, पर यह भी तो सही है असफलता सफलता की पहली सीढ़ी होती है।

एक टेस्ट की रैंकिंग क्या गिरी तुमने अपने आप को टूटा हुआ मान लिया हमेशा तनावग्रस्त रहने लगे। हॉस्टल की चारदीवारी में अपने आप को कैद कर लिया और बस यही सोचते रहे कि अब कुछ नहीं हो सकता। कोई भी असफलता आपके व्यक्तित्व का पैरामीटर नहीं है। एक बार बाहर आकर तो देखों क्या नहीं है मेरे शहर में दुनिया का खूबसूरत रिवर फ्रन्ट, चम्बल की उठती हुई लहरे सुंदरतम बाग-बगीचे, हर चौराहा जो आपके स्वागत को आतुर है।

कभी-कभी तो मैं खुद तुम्हारे चेहरे पर हंसी देखने के लिए संगीत में मस्त हो जाता हूँ। बाहर की आबोहवां, दोस्तों से मिलना और दिन के कुछ घंटे, कुछ मस्ती और फन में भी गुजारने चाहिए। इस शहर में तुम अकेले नही हो। मैं हूं ना, हर छात्र-छात्रा के लिए मेरा घर-मेरा ऑफिस हमेशा खुला है। संकोच मत रखना। तनाव को साझा करना सीखों आपके मन में किसी भी प्रकार का डर या तनाव है तो मुझसे साझा करें। आपके मानसिक स्ट्रेस को दूर करने के लिए मैने संडे को फन-डे बनाने का फैसला लिया उस दिन सिर्फ तुम्हारे साथ संगीत की सुरमई शाम होगी, दोस्तों से मिलने का मौका होगा, न कोई टेस्ट का झंझट बस गस्ती और मस्ती...। योगा भी तो कर सकते हो ताकि अपने आप को तरोताजा महसूस कर सको कोचिंग संस्थान, हॉस्टल कई सामाजिक संस्थाऐं तथा मेरी पूरी टीम हमेशा आपके चेहरे पर मुस्कराहट के लिए प्रयासरत है।

आपकी कोई भी समस्या हो चाहे फीस रिफण्ड से संबंधित, गुणवत्तापूर्ण भोजन एवं किसी भी प्रकार की शारीरिक परेशानी हो मुझे बेहिचक स्टूडेंट हेल्पलाईन कोटा पर लिखकर भेज दें, उसके बाद समस्या का समाधान करने की जिम्मेदारी मेरी और मेरी टीम की है। आपके पास बहुत सारी संभावनाएं हैं और आप अपने जीवन में बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं। लेकिन पहले आपको अपनी मदद करनी होगी। आपको अपना आत्मविश्वास वापस पाना होगा और यह विश्वास करना होगा कि आपके जीवन में कुछ अच्छा हो सकता है। दबाव व तनाव से अपने आप को दूर रखें और जिन सपनों को लेकर आप इस शहर में आये है उन्हें शिद्दत से पूरा करने की कोशिश करे मन में कभी भटकाव का विचार आये तो अपने गुरु माता-पिता व मुझसे जरूर शेयर करे। जब तुम अपनी मंजिल को पाकर इस शहर से जाओगे तो मुझे जरूर याद करना तुम्हारा हंसता मुस्कुराता चेहरा मेरे लिए किसी सौभाग्य से कम नहीं है। मेरे प्यारे बच्चों आप मजबूत है आपके पास जीवन जीने के लिए बहुत कुछ है। आपमें हर कमजोरी, हर समस्या को दूर कर आगे बढने का हौसला है। यकीन मानिए जब तक आप खुद हार नहीं मानते तब तक दुनियां में आपको कोई नहीं हरा सकता।

## शिविर निरस्त

**कोटा,** (निसं)। अनुजा निगम द्वारा संचालित योजना अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम पीएम अजय योजना एवं इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना के बारे में जानकारी देने के लिए होने वाला शिविर निरस्त कर दिया।

**कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा**

क्रमांक:-एफ11/विक्रय/2022/434 **विज्ञप्ति** दिनांक:- 4.9.23

कार्यालय नगर विकास न्यास कोटा द्वारा दुकान/आवास/भूखंड संख्या 111 कॉर्नर योजना टैगोर नगर आवासीय योजना का आवंटन न्यास के पत्र क्रमांक 1945 दिनांक 09.08.2005 द्वारा श्री अमर कृपलानी पुत्र श्री अर्जुन सिंह कृपलानी को आवंटित किया गया था। आवंटी द्वारा नियुक्त मुख्तारआम श्री सत्यनारायण पुत्र श्री रामगोपाल ने उक्त दुकान/आवास/भूखंड का विक्रय जर्ये विक्रय पत्र दिनांक 15.06.2023 को श्री प्रेम प्रकाश नागर पुत्र श्री मथुरा लाल नागर को विक्रय कर दिया गया है। श्री प्रेम प्रकाश नागर पुत्र श्री मथुरा लाल नागर ने उक्त दुकान/आवास/भूखंड का हस्तांतरण स्वयं के नाम करवाने हेतु आवेदन किया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि जिस किसी को भी उक्त भूखंड/आवास का हस्तानांतरण किए जाने में कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम में अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त दुकान/आवास/भूखंड के स्वामित्व हस्तांतरण की स्वीकृति श्री प्रेम प्रकाश नागर पुत्र श्री मथुरा लाल नागर के नाम जारी कर दी जायेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

**कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण ( राज. )**

क्रमांक:-ननिकोद/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2023/22415 दिनांक: 4.9.23

**स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती उषा मित्तल पत्नी स्व. श्री हरी मोहन मित्तल निवासी भूखंड संख्या 80 न्यू आकाशवाणी कालोनी कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 3-ए-75 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा क्षेत्रफल 162.375 का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण करने का निवेदन किया है। आवास संख्या 3-ए-75 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा क्षेत्रफल 162.375 वर्गमीटर का आवंटन राजस्थान आवासन मण्डल कोटा द्वारा पत्र क्रमांक EM/KC/3651 दिनांक 01.11.2006 से श्री हरी मोहन मित्तल पुत्र श्री चैनसुख मित्तल को किया गया। श्री हरी मोहन मित्तल का देहावसान दिनांक 05.12.2022 को हो जाने के उपरांत श्री हरी मोहन मित्तल के एक मात्र विधिक उत्तराधिकारी पत्नी श्रीमती उषा मित्तल द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त आवास के स्वामित्व नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त आवास का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त, नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण

# कोटा में शीघ्र हवाई सेवा शुरू करने की मांग, सीएम के नाम ज्ञापन दिया

**कोटा,** (निसं)। कोटा में शीघ्र हवाई सेवा शुरू करने की मांग एवं कोटा हवाई अड्डा निर्माण के लिए राज्य सरकार से भार रहित भूमि की मांग को लेकर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक राकेश जैन की अगुवाई में जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम जिलाधीश महोदय को ज्ञापन दिया गया। इसके पूर्व कलेक्ट्रेट परिसर में सांकेतिक प्रदर्शन के साथ राकेश जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि पूरे विश्व में कोटा शिक्षा नगरी की पहचान रखता है।

भारत के विभिन्न प्रदेशों से बड़ी संख्या में विद्यार्थी यहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आते हैं। कोटा नगरी कोटा स्टोन, सैण्ड स्टोन, कोटा डोरिया तथा धनिया के लिए भी प्रसिद्ध है। विश्व के अनेक देशों में यह सब चीजें यहां से एक्सपोर्ट होती हैं, जिनके व्यापार के लिए भी उद्यमियों और व्यापारियों का कोटा आना-जाना लगा रहता है। यहां राजस्थान परमाणु बिजली घर, चम्बल फर्टीलाइजर्स, एसीसी सीमेंट, मंगलम सीमेंट, डीएससीएल सहित अनेक उद्योग भी हैं, जिनसे यहां औद्योगिक विकास की काफी संभावनाएं हैं। निकट भविष्य में ट्रिपल आईटी भी कोटा कैंपस में ही संचालित होगी जिससे भी बडी संख्या में आईटी उद्योग यहां स्थापित होंगे। इन सब परिस्थितियों को देखते हुए कोटा में विकास की अपार संभावनाएं हैं जिसको गति देने के लिए कोटा में नियमित हवाई सेवाओं की महती आवश्यकता है। समाचार पत्रों के माध्यम से ज्ञात हुआ कि केंद्र सरकार यहां नया ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट का निर्माण करना चाहती है, जिसके लिए भूमि राज्य सरकार को उपलब्ध करवानी है। किंतु राज्य सरकार द्वारा मात्र 106 करोड़ रूपयें की राशि हस्तांतरित ना करने से भूमि एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के नाम दर्ज नहीं हो पा रही है।

राज्य सरकार की लापरवाही के कारण कोटा ही नहीं सम्पूर्ण हाड़ौती का विकास बाधित हो रहा है। ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट का निर्माण कोटा का हक़ और अधिकार है। राज्य सरकार द्वारा हवाई अड्डे के निर्माण की बाधाओं को त्वरित गति से दूर ना करने की मंशा से कोटा संभाग की जनता का मन आहत और दुखी है। जबकि गत विधान सभा चुनाव से पूर्व कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी तक कोटा में हवाई सेवा शुरू करने की घोषणा करके गये थे। इसलिए राज्य सरकार को चाहिए कि जनता की भावनाओं और शहर के हित में हवाई अड्डे निर्माण के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को तत्काल भाररहित भूमि उपलब्ध करवाये। इस अवसर पर ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन से अविनाश राठी,श्री सर्राफा मार्केट से आनन्द राठी, सर्राफा मार्केट से सुरेन्द्र गोयल, गुमानपुरा व्यापार संघ से संजय शर्मा, हाड़ौती कोटा स्टोन एंड से विकास जोशी, हाड़ौती कोटा स्टोन एसोसिएशन से सुरेश मित्तल, पुरानी सब्जीमण्डी व्यापार संघ से पवन दुआ, लाडपुरा दुकानदार संघ से रूपकिशोर गुप्ता, कोटा होलसेल गारमेंट्स से सुनील जैन, चौथ माता स्वर्ण रजत व्यापार संघ से आत्मदिप आर्य (सोनू), हाड़ौती पोकरा महाजन समाज से राजेन्द्र गुप्ता, संस्था प्रधान से प्रकाश , ज्वैलर्स एसोसिएशन से पंकज सोनी (जौहरी), रेलवे मण्डल बीजेपी से प्रदीप, तलवंडी व्यापार संघ से मनोज गुप्ता, मोटर शॉप से नरेश, भूपेन्द्र भार्गव, जैन सोशल ग्रुप से संदीप जैन आदि उपस्थित थे। ज्ञापन के दौरान हवाई अड्डे की मांग को लेकर कई नारे लिखी।

fincare Small Finance Bank

**Registered Office:** 301-306, 3rd Floor, ABHIJEET -V, Opp. Mayor's Bungalow, Law Garden Road, Mithakhali, Ahmedabad - 380006, Gujarat. **www.fincarebank.com**

**LOAN AGAINST GOLD - AUCTION NOTICE ON "AS IS WHERE IS" BASIS**

The below mentioned borrower/s have been issued notices to pay their outstanding amounts towards the loan against gold facilities availed from Fincare Small Finance Bank Ltd ("Bank"). Since the borrower/s has/have failed to repay his/their dues, we are constrained to conduct an auction of pledged gold items/articles on **11 September 2023 between 11:00 AM - 03:00 PM (Time)** at below mentioned branches according to the mode specified therein. In case of deceased borrowers, all conditions will be applicable to legal heirs. Please note that in the event of failure of the above auction, the bank reserves its right to conduct another auction without prior intimation.

**E-Auction Branch Details (E-auction will be conducted by using Weblinkhttps://egold.auctiontiger.net/)**

**BANSWARA** - 23660000199033, 23660000237213 | **BHILWARA** - 23660000228271 | **CHITTORGARH** - 22660001104759, 22660001124601, 22660001133883, 23660000261127, 23660000503033 | **JAIPUR** - 22660001195015, 23660000637301 | **JAIPUR-TRIVENI NAGAR** - 22660001113182, 22660001302756, 23660000051353 | **JHALAWAR** - 23660000531470 | **JODHPUR ITI CIRCLE** - 22660001311409 | **KOTA** - 23660000340499, 23660000470673 | **KOTA - GHODE WALE BABA CROSS** ROAD - 23660000256667, 23660000430160 | **UDAIPUR - MADHUBAN BANK STREET** - 23660000173753.

Note: The auction is subject to certain terms and conditions mentioned in the bid form, which is made available before the commencement of auction.

Sd/-
Manager
Fincare Small Finance Bank